दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 02 अंक :- 04 मुरादाबाद 25April 2022 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जम्मू-कश्मीर को 20 हजार करोड़ की सौगात दे बोले मोदी- यहां जड़ों में बसा लोकतंत्र



अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जड़ों में लोकतंत्र रचा बसा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि आपके मां-बाप, दादा-दादी ने जिन दिक्कतों का सामना किया है. आपको वैसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। पल्ली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज पंचायती राज दिवस है। यह गर्व का विषय है कि जम्मू-कश्मीर की जड़ों में लोकतंत्र रचा बसा है। यही वजह है कि मैं यहां से पूरे देश को संबोधित कर रहा हूं। उन्होने कहा कि जम्मू-कश्मीर विकास की एक नई गाथा लिखने वाला है। मोदी ने कहा कि पिछले सात दशकों में जम्मू-कश्मीर में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट केवल 17 हजार करोड़ का था जो कि अब 38 हजार करोड़ रुपये हो गया है। पीएम मोदी ने 20 हजार करोड़ से ज्यादा के कार्यकों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने सांबा ग्रामसभा की तारीफ की और कहा कि यह पूरे देश के लिए मिसाल है। पीएम मोदी ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बात करते वक्त हमारा फोकस कनेक्टिविटी पर होता है। दूरियां दिलों की हों या फिर संसाधनो की इनको दूर करना हमारी प्राथमिकता है।

### PM मोदी के कार्यक्रम में हर घर से आईं रोटियां, महिलाओं ने की थी खास तैयारी

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के पल्ली गांव में पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए महिलाओं ने विशेष रुप से तैयारी की थी और मेहमानों के लिए हर घर से 20-20 रोटियां पहुंचाई गईं। जिस पर मेहमानों द्वारा इस कार्य की प्रशंसा और सराहना की गई। पीएम मोदी ने रविवार को पंचायती राज दिवस पर सांबा जिले में आयोजित कार्यक्रम से इतर पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ भी खुलकर बातचीत की। पंचायत के सदस्यों ने प्रधानमंत्री को बताया कि इस कार्यक्रम के लिए क्षेत्र की महिलाओं ने काफी तैयारी की और मेहमानों के स्वागत के लिए हर घर से कम से कम 20 रोटी पहुंचाई गईं। पाली गांव की पंचायत के प्रतिनिधियों ने गांव में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने इस दौरान खेती के लिए सौर पंप और घरों में एलईडी बल्ब तथा सौर कुकर के इस्तेमाल पर भी बातचीत की।


प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती के फायदे का भी उल्लेख किया।पीएम मोदी ने गांव के स्थापना दिवस को मनाने के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी लोगों को एक जगह एकत्र होकर हर वर्ष इस समारोह को मनाना चाहिए और इस बारे में निर्णय लेना चाहिए कि अगले वर्ष गांव के लिए क्या-क्या कार्य किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल का इस्तेमाल ऐसे कामों के लिए क्या करना चाहिए जिन्हें कई पीढ़ियों तक याद किया जाए। गौरतलब है कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान पीएम ने 20 हजार करोड़ से ज्यादा के कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने सांबा ग्रामसभा की तारीफ की और कहा कि यह पूरे देश के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जड़ों में लोकतंत्र रचा बसा है। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि आपके मां-बाप, दादा-दादी ने जिन दिक्कतों का सामना किया है, आपको वैसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## अखिलेश यादव ने रविदास मेहरोत्रा को सीतापुर जेल भेजा, आजम खां ने किया मिलने से इनकार



सीतापुर- समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां के बीच दरार कम नहीं हो रही है। आजम खां और अखिलेश यादव के बीच तल्खी का लाभ लेने के प्रयास में अन्य दल भी लगे हैं। इसमें वह लोग काफी हद तक सफल भी है, लेकिन अखिलेश यादव के दूत आजम खां से मिलने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। लखनऊ के मध्य विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता रविदास मेहरोत्रा को अखिलेश यादव ने अन्य नेताओं के साथ सीतापुर जेल भेजा। वहां पर रविवार को रविदास मेहरोत्रा को पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां से भेंट करनी थी। जेल प्रशासन ने इसकी जानकारी आजम खां को दी तो आजम खां ने रविदास मेहरोत्रा तथा उनके साथ गए समाजवादी पार्टी के नेताओं से मिलने से इनकार कर दिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां से मिलने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जगह पर प्रतिनिधि मंडल जाए, यह उनको नागवार गुजरा। आजम खां ने सपा प्रतिनिधिमंडल से बोल दिया की तबियत ठीक नहीं है, मिल नहीं सकता। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लखनऊ से विधायक और पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा आज आजम खां से मिलने सीतापुर जेल पहुंचे। सीतापुर जेल प्रांगण में पहुंचे रविदास मेहरोत्रा वहां से बैरंग लौटे। करीब 11 बजे सीतापुर जेल पहुंचे रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर आजम खां से मिलने पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने मिलने से इनकार कर दिया। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया आजम खां ने रविदास मेहरोत्रा से मिलने से मना कर दिया था। इसके बाद वह वहां से वापस चले गए हैं। इसके बाद सपा विधायक मेहरोत्रा ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आजम खान की तबीयत खराब है और वह सो रहे हैं। उनसे मुलाकात की बात पर वह कुछ बोले नहीं, लेकिन कहा कि उनकी सेहत खराब है। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को शिवपाल सिंह यादव ने सीतापुर जेल में आजम खां से मुलाकात की। मुलायम सिंह यादव पर भी सीधा हमला बोला। शिवपाल ने कहा कि नेताजी ( मुलायम सिंह यादव ) ने भी आजम खां के लिए कुछ नहीं किया। लोकसभा में भी मामला नहीं उठाया। वह चाहते तो धरना दे सकते थे। छोटी-छोटी धाराओं में आजम खां 26 महीने से जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि वे नेताजी से आजम का मामला उठाने के लिए आग्रह करेंगे। इससे पहले शिवपाल ने कभी भी मुलायम के खिलाफ कुछ नहीं बोला था। ऐसे में उनके मन का गुबार अचानक क्यों फूटा। सियासी गलियारों में इसके निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब मुलायम ने शिवपाल को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर अखिलेश को प्रदेश अध्यक्ष बनाया तो भी उन्होंने निर्णय को चुपचाप माना। सीएम पद पर जब अखिलेश को बैठाया गया तब भी वह चुप ही रहे। शिवपाल के इस रुख से लगता है कि अब सपा के सभी दरवाजे उनके लिए बंद हो गए हैं।

## योगी सरकार का सख्त रुख, यूपी में अवैध रूप से चल रहे ऑटो, टैक्सी पर होगी कार्यवाही



उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न शहरों में अवैध रूप से चलने वाले टैक्सी, बस, ऑटो संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिये विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गृह विभाग ने अवैध ऑटो, टैक्सी और बस स्टैंड के संचालन को रोकने के लिये 30 अप्रैल तक यह अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही पुलिस आयुक्त एवं सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी ) से अभियान के परिणाम की विस्तृत रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा है। अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से शनिवार को जारी इस आशय के आदेश में अवैध टैक्सी, ऑटो व बस स्टैंड के संचालन की रोकथाम के लिए एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अभियान के परिणामों की शासन द्वारा समीक्षा भी की जायेगी। इसके लिये सभी जिलों के एसएसपी और पुलिस आयुक्त से कहा गया है कि वे 30 अप्रैल तक इस अभियान के परिणाम की विस्तृत रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के साथ एसएसपी से एक प्रमाण पत्र भी मांगा गया है जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि किसी जिले में कोई भी अवैध टैक्सी, ऑटो या बस स्टैंड संचालित नहीं हो रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस विशेष अभियान में अवैध रूप से बस, ऑटो और टैक्सी संचालकों पर कार्यवाही होगी। सरकार ने यह पहल शहरी क्षेत्रों में अबाध एवं सुचारु परिवहन व्यवस्था को बहाल करने के उद्देश्य से की है।

# धनीपुर क्षेत्र की मलिन बस्तियों एवं नई आबादियों में शौचालय वृद्धा विधवा पेंशन पीएम आवास के लिए सर्वे कराएं अधिकारी-ठाकुर राकेश सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इंदिरा नगर महाराणा प्रताप नगर मोहन नगर देवी के नगला की नई आबादी का दौरा किया सब मोहल्ला महानगर के सीमा के अंदर आते हैं इन क्षेत्रों मैं कुछ भारी समस्या में देखने को मिली सुनने को मिली भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को क्षेत्रीय जानकारी हुई के किन लोगों को इन क्षेत्रों में शौचालय पीएम आवास वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन से वंचित है यह भी एक सोचने का विषय है उत्तर प्रदेश सरकार ने मलिन बस्तियों में सामान्य बस्तियों में शौचालय वृद्धा विधवा पेंशन पीएम आवास बनवाने पर काफी जोर दिया है और और पूरे उत्तर प्रदेश में पूरे जिला अलीगढ़ में सरकार के आदेश पर शौचालय बहुत बने हैं लेकिन जो जगह रह गई हैं वहां पर तहसील के कर्मचारी एवं तहसील के अधिकारी अभी पहुंच नहीं पाए हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि कि जिलाधिकारी तहसीलों को आदेशित करें देवी के नगला के आसपास धनीपुर क्षेत्र में मलिन बस्तियां पीएम आवास ओं के लिए एवं शौचालय के लिए वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन के लिए सर्वे करें यह शासन का आदेश है इसका पालन किया जाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से इन मलिन बस्तियों के लोग काफी मिले हैं समस्याओं से अवगत कराया है लेखपाल कानूनगो एवं तहसील के अधिकारी इन समस्याओं की तरफ से अति शीघ्र ध्यान दें इन नया वादियों की एवं इन मलिन बस्तियों की सर्वे करें जिससे कि यहां के रहने वाले नागरिकों को यह सुविधा उपलब्ध हो सके सरकार के आदेश की अनदेखी कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह सब छोटे काश्तकारों के परिवार हैं मजदूरों के परिवार हैं इस समस्या की तरफ तहसील कोल के कर्मचारी एवं अधिकारी ध्यान दें कमेटी बनाकर के धनीपुर क्षेत्र की मलिन बस्तियों में देवी के नगला के आसपास की बस्तियों में मंडी के पीछे बस्तियां हैं क्यामपुर के आसपास बस्तियां हैं इन बस्तियों की अतिशीघ्र सर्वे करा ले उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नहीं हुए उन योजनाओं को क्षेत्रों में लागू करें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ बनाया शारीरिक संबंध

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-दादा- क्षेत्र के 1 गांव निवासी युवती का रिश्ता उसके पिता ने थाना पालीमुकीमपुर के गांव हरदोई निवासी मनोज कुमार के साथ करीब 1 साल पूर्व तय किया था दोनों परिवारों के संबंध मधुर थे रिश्ता होने के कुछ दिनों बाद युवक ने युवती को एक मोबाइल गिफ्ट में दे दिया फिर क्या था दोनों के बीच बातें होने लगी इस बीच दोनों के बीच प्यार हो गया और दोनों घर से बाहर मिलने लगे यह सिलसिला करीब 1 साल तक चलता रहा इस रिश्ते में नया मोड़ आ गया अपनी मां के साथ थाने पहुंची युवती ने बताया कि शादी का झांसा देकर युवक 1 साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा अब युवक व उसके परिजन शादी करने से मना कर रहे हैं युवती की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को युवती को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अलीगढ़ भेजा है पुलिस युवक की तलाश कर रही है

# पिता ने बेटी को बनाया अपनी हवस का शिकार रिश्ते को किया कलंकित

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अतरौली - कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पिता ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए बेटी को ही अपनी हवस का शिकार बना डाला पुलिस ने युवती का डॉक्टरी परीक्षण कराया है कोतवाली क्षेत्र के 1 गांव निवासी महिला 18 अप्रैल को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी रिश्तेदारी में गई थी

पिता व 17 वर्षीय बेटी घर पर ही थे उसी रात पिता ने अपनी पुत्री को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और रिश्ते को कलंकित करते हुए पुत्री के साथ दुष्कर्म कर डाला होश में आने पर पुत्री ने पिता को बुरा भला कहते हुए जमकर विरोध किया मगर घर पर अकेले होने के कारण बेटी घर में ही डरी सहमी रही जब मां रिश्तेदारी में से लौटी तो बेटी ने आपबीती अपनी मां को बताई इस पर मां अपनी पुत्री को लेकर कोतवाली पहुंच गई जहां आरोपित पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया और बेटी की डॉक्टरी जांच कराते हुए घर भेज दिया इस संबंध में शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पिता पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करते हुए हिरासत में ले लिया है

# ड्यूटी के दौरान वर्दी नहीं पहनते हैं दबंग चौकी इंचार्ज

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - कोतवाली मोहम्दाबाद मदनपुर चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ड्यूटी के दौरान वर्दी पहने में तौहीन समझते हैं। स्वयं को सिंघम बताने वाले चौकी इंचार्ज अशोक कुमार आज कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला बाग मैं अधेड़ सत्याराम के शव का पंचनामा भरने सादा कपड़ों में गए। 55 वर्षीय संतराम ने अपने खेत में शीशम के पेड़ से स्टाल के सहारे फांसी लगा ली थी। सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने संतराम के शव को फांसी पर लटकते देखा। बताया गया कि संतराम बीती रात 8 बजे खाना खाकर खेत पर मक्का फसल की रखवाली करने गए थे। संतराम की मौत पर उनकी पत्नी सुशीला देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सतराम अपने पीछे 3 पुत्र व चार पुत्रियां छोड़ गए हैं। जब चौकी इंचार्ज अशोक कुमार संतराम के शव का पंचनामा भर रहे थे। तब ग्रामीणों ने एक दूसरे से पूछा कि क्या सिपाही पंचनामा भर रहा है तो जानकार लोगों ने बताया कि यह मदनपुर चौकी के दबंग इंचार्ज अशोक कुमार है। अपना रुतबा कायम करने के कारण ड्यूटी पर भी वर्दी नहीं पहनते हैं। दरोगा अशोक कुमार सिंघम बताकर इलाके में आतंक कायम किए हैं। ग्रामीणों ने ऐसे दबंग चौकी इंचार्ज पर नकेल डालने के लिए एसपी से गुहार लगाई है।

# कलयुगी बेटे ने की 70 वर्षीय बाप की हत्या

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अतरौली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि ग्राम जखैरा तहसील अतरौली जिला अलीगढ़ में चंद्रशेखर उर्फ पिंटू उम्र लगभग 33 वर्ष ने अपने पिता रामनिवास उम्र लगभग 70 वर्ष की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई यह सूचना जब परिवार में पता लगी तो परिवार के लोग उस पर हावी हो गए जिससे चंद्रशेखर घर से फरार हो गया इसकी सूचना रामनिवास के पुत्र ने पुलिस को दी और मौके पर भारी बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और चंद्रशेखर उर्फ पिंटू की तलाश में पुलिस जुट गई है रामनिवास काफी बुजुर्ग व्यक्ति थे शादी विवाह में जाकर यह अपने परिवार का भरण पोषण करते थे पिता की हत्या देख परिवार में कोहराम मच गया रो-रो कर परिवार का बुरा हाल है

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# डॉक्टर को नहीं लगता है अपनी नौकरी से डर

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -जहानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर दीपेंद्र एवं एएनएम श्रीमती रूबी तिवारी आज मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में ड्यूटी करने नहीं पहुंची। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने मेले का निरीक्षण किया तो वह डॉक्टर दीपेंद्र व एएनएम रूबी तिवारी के न मिलने पर हैरान रह गए। डीएम को पता चला कि डॉक्टर जितेंद्र कुमार 8 अप्रैल से लगातार गैर हाजिर है। डॉ जितेंद्र कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज के अधीक्षक को अवकाश पत्र न भेजकर जहानगंज अस्पताल मे छोड गए थे। डीएम ने सीएमओ को डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा गोद भराई की रस्म अदा की गई। कर्मचारी संघ का चुनाव उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा एवं संविदा कर्मचारी संघ जनपद फर्रुखाबाद का चुनाव प्रदेश के संयुक्त मंत्री रमेश चंद राजपूत की देखरेख में निम्न प्रकार संपन्न हुआ है। रामकिशन जिला अध्यक्ष विष्णु सिंह जिला महामंत्री विनोद कुमार उपाध्यक्ष प्रथम मोहित कुमार दुबे उपाध्याय द्वितीय. लाल मियां कोषाध्यक्ष. नावेद खान संगठन प्रथम मंत्री. आर्यन संगठन मंत्री

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# बिलारी में युवती की हत्या कर शव खड्ड में फेंका



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद-कोतवाली क्षेत्र के गांव अभनपुर के पास स्थित जंगल में युवती का शव पड़ा मिला। युवती की हत्या करके शव को खड्ड में फेंक दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पहनावे से युवती ग्रामीण क्षेत्र की लग रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम व एसपी देहात ने मौकाए स्थिति का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। बिलारी के गांव अभनपुर कुंदरकी के जंगल में सुबह चौकीदार ने युवती का शव रक्त रंजित अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। मौके पर कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह मय फोर्स के पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने घटना स्थिति का मुआयना किया। पता चला कि युवती की हत्या करके शव को यहां फेंका गया है। सूचना के बाद आसपास क्षेत्र के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह के अलावा एसपी देहात विद्यासागर मिश्र भी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मामले में चौकीदार की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के सही कारणों का पता चलेगा। वहीं आसपास थाना क्षेत्र व जिलों में युवती के गायब होने पर सूचना मांगी जा रही है ताकि युवती की शिनाख्त हो सके और हत्या के कारणों का पता चल सके।

# खुद को फिट रखने के लिए रेल अफसर कर रहे योगाभ्यास



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद-रविवार को मुरादाबाद के रेलवे स्टेडियम में डीआरएम समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। अनुलोम-विलोम से लेकर कई तरह के आसन किए गए। साथ ही मुरादाबाद मंडल के विभिन्न सात स्टेशनों पर रेल कर्मियों ने योगाभ्यास किया। योग के जरिए खुद को निरोग बनाने को रेलवे बोर्ड ने योगाभ्यास का आयोजन का कार्यक्रम रखा था। इसी के मद्देनजर प्रशासन ने मंडल भर में सात स्टेशनों का चयन कर योग का अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किए। मुरादाबाद के रेलवे स्टेडियम, बरेली के मनोरंजन सदन, शाहजहांपुर में परिचालन प्रशिक्षण केन्द्र, चंदौसी में क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण केन्द्र, हापुड़ में रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ ) बैरक, नजीबाबाद में स्वास्थ केन्द्र और हरिद्वार के बारात घर के परिसर में एक साथ एक ही समय पर योगाभ्यास किया गया। योग शिविर में समन्वय व सह समन्वय बतौर अफसरों के अलावा स्टेशन अधीक्षक व वेलफेयर निरीक्षक रहे। कार्यक्रम के चलते ही रविवार सुबह 6.30 बजे मंडल में तमाम निर्धारित स्थानों पर रेल अफसर व कर्मचारी पहुंच गए। मुरादाबाद में रेलवे स्टेडियम में डीआरएम अजय नंदन, एडीआरएम राकेश सिंह, सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह, सीनियर डीएसओ आरके तायल व अन्य ब्रांच अफसर व स्टाफ पहुंचा। सभी योग कर्मियों के लिए ड्रेस निर्धारित की गई थी।डीआरएम अजय नंदन का कहना है कि योग को दिनचर्या में शामिल कर खुद व परिवार को स्वस्थ व निरोग बनाए रखने का मकसद है। योग के जरिए हम हमेशा ऊर्जावान व स्वस्थ बने रह सकते है। माना गया कि योग को अपनाकर वे निरोग बने रह सकेंगे।

# PM Modi के मन को भाया रामपुर के पटवाई का अमृत सरोवर, मन की बात में बना चर्चा का विषय




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में जहां, कैशलेस डेआउट, नेशनल म्यूजियम और गणित पर बात की, वहीं जल संरक्षण को लेकर रामपुर जनपद के पटवाई के एक तालाब का भी जिक्र किया। बताया कि कैसे पटवाई के युवा और अन्य लोगों ने खत्म हो चुके तालाब का कायाकल्प किया। मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि गर्मी बढ़ रही है। इससे पानी बचाने की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। कई ऐसे इलाके हैं, जहां पानी की एक-एक बूंद कीमती है। कहा कि जल संरक्षण भी अमृत महोत्सव का संकल्प है। देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। वो दिन दूर नहीं, जब आपके अपने जिले में ऐसा होगा। युवा अभियान के बारे में जानें और जिम्मेदारी उठाएं। इससे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृति भी आप जोड़ सकते हैं। कई जगहों पर इस पर काम शुरू हो गया है। कहा कि यूपी के रामपुर में पटवाई में ग्राम सभा की जमीन पर तालाब था। गंदगी से भरा था। कुछ हफ्तों में स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों ने इस तालाब का कायाकल्प कर दिया है। अब वह तालाब फव्वारे, फूडकोर्ट और लाइटिंग से सज गया है। मोदी ने कहा कि पानी की उपलब्धता और किल्लत किसी भी देश की गति निर्धारित करते हैं। मैं मन की बात में बार-बार इसकी बात करता हूं। ग्रंथों में कहा गया है कि संसार में जल ही हर एक जीव के जीवन का आधार है।जल ही सबसे बड़ा संसाधन भी है। हमारे पूर्वजों ने जलसंरक्षण के लिए इतना जोर दिया। वेद-पुराण हर जगह पानी बचाने को मनुष्य का सामाजिक और अध्यात्मिक कर्तव्य बताया गया है। इतिहास के छात्र जानते होंगे कि सिंधु, सरस्वती और हड़प्पा संस्कृति में पानी को लेकर कितनी विकसित इंजीनियरिंग होती थी। ये वो समय था, जब जनसंख्या ज्यादा नहीं थी और प्राकृतिक संसाधनों की किल्लत नहीं थी।

# भगतपुर में क्षेत्रवासियों ने की क्षतिग्रस्त मार्गों को सुधरवाने की मांग

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद-भगतपुर टांडा क्षेत्र के ग्राम पाड़ली बाजे मार्ग, विसौली से भगतपुर आदि मार्ग काफी खराब हैं। रास्ते पर गड्ढे हो गए हैं। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पाडली बाजे प्रधान दीपक शर्मा, ग्रामीण एहसान अली, राजू सक्सेना, मोहम्मद जाबिर, सगीर अहमद, नाहिद अली, मो. अकरम, अकबर अली गाजी, गुड्डू, मुकेश कुमार आदि ने क्षतिग्रस्त रास्ते को दुरूस्त करवाने की मांग की है। ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को क्षतिग्रस्त मार्ग के बारे में कई बार अवगत कराया लेकिन जर्जर मार्गों की दशा नहीं सुधर सकी। विभाग ने पहले मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे भरने का काम किया था वह सब उखड़ कर गड्ढे बन चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने जर्जर मार्गों की मरम्मत की मांग उठाई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

# ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायतों में दिखाया प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद-ग्राम पंचायत राघूवाला में राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एडीओ कृषि नौबहार सिंह ने कृषि योजनाओं की जानकादी। ग्राम विकास अधिकारी रजनीकांत ने ग्राम पंचायत में होने वाले कामों की जानकारी ग्रामीणों को दी। पुष्पेंद्र सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत को कैसे खुले में शौच मुक्त बनाए रखना है। ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस में परिवर्तित करना है। ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित पंचायत भवन को मरम्मत कर मिनी सचिवालय के रूप में स्थापित किया गया। ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल जन्म, मृत्यु,आय, जाति, स्थाई प्रमाण पत्र, नई पेंशन बनवाने की सारी सुविधाएं ग्राम पंचायत में स्थापित सचिवालय पर मिलेंगी। इसके लिए ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की नियुक्ति कर दी गई है। ग्राम पंचायत में पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण करा दिया गया है। सामुदायिक शौचालय के रखरखाव को केयरटेकर नियुक्त कर दिया गया है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कविताएं व वॉल पेंटिंग की प्रतियोगिता भी कराई गई। अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोहम्मद यामीन ने की। इस मौके पर ग्राम पंचायत के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Strength of diplomacy

The closeness we have seen between India and the UK will be remembered for years to come. British Prime Minister Boris Johnson's visit to India could prove to be a turning point. Britain wants to increase economic ties, as well as improve cooperation with India in defense matters. It may be that Britain's effort may also be to reduce India's dependence on Russia, but even then, the way India is moving forward looking at its own interests, it is commendable. The special success is that Britain will issue an Open General Export License to India, which will take less time in defense procurement supplies. Apart from this, Britain will also help India in making fighter jets. He also wants to help towards increasing India's power in the Indian Ocean. Britain has also talked about increasing investment in India in software engineering, artificial intelligence and health. Not only this, both the countries are also going to sign a comprehensive free trade agreement by the end of this year. Such an agreement should have been reached earlier, but if Britain is now moving in this direction, then we cannot ignore the increased importance of India. The warmth that has been seen between Prime Minister Narendra Modi and Boris Johnson will be watched not only by Indian diplomats but also by the world. Both the leaders seem anxious to expand mutual relations, so the changing situation of the world also has a role in this. Diplomats also underline that the importance of India in world politics today was not there earlier. Earlier countries like America, Britain seemed obliged to treat India and Pakistan equally.

The global effort to keep both the countries on the same scale during the Cold War has disappointed India many times. We used to present our side, but could not take advantage of it. Now it seems that the world itself wants to go ahead and think about India. Be it the US Secretary of State or the Russian Foreign Minister or the Chinese Foreign Minister or now the Prime Minister of Britain, all these visits are proof of Indian power. The western scale of weighing us with Pakistan is probably broken now. We have to maintain both our rightful place and strength in world diplomacy. In another recent case, a US Congress member visited Pakistan-occupied Kashmir, which was objected to by India, after which the US government had to clarify that the Biden government had nothing to do with the visit of the Democrat MP. . There is no such country in the world, which can put India in the dock, being an old ally of Russia. India is moving very slowly. He has neither gone against Russia, nor has he stood against Ukraine. This balance is the new powerful aspect of Indian diplomacy. In any case, India has to walk in view of its own interest. At the same time, it is also to be kept in mind that India is not just a market, no country should consider India only as a market. Relations should be expanded with only those countries, who are also aware of our sufferings. The strength of diplomacy should be realized in the development of the country.

# The reporter asked Mahira Sharma such a question in front of everyone, in anger, the actress refused to answer

Ex-contestant Mahira Sharma of TV's reality show Bigg Boss 13 is furious over a reporter's question. Not only this, she angrily left from there without answering the reporter's question. Actually, for the past few days, the weight of Mahira Sharma seems to have increased slightly as compared to earlier. In such a situation, the fans of the actress have talked about her reason many times. - When a Punjabi reporter questioned her about Mahira Sharma's increased weight, she got furious and left without answering. The video of this incident of Mahira Sharma is now becoming increasingly viral on social media. In the viral video, the reporter says in Punjabi before questioning him, 'People do not allow celebs to live in any way, sometimes people say that they have become too thin, sometimes people say that they have become too fat. The same is happening with them too, Mahira is with me... - The reporter was about to ask her question to Mahira that she got angry and left from there in anger. Mahira said angrily – I did not like this question. These are not good questions.' After this, this small screen actress leaves from there in anger. Now this video of Mahira Sharma is going viral on social media. Fans of the actress and all social media are giving their feedback by commenting on her video. At the same time, many people are also trolling him. Talking about Mahira Sharma's workfront, she will soon be seen in the Punjabi film The Redua Returns. The film is a sequel to the 2018 film Raidua. It is a science fiction film and is based on time travel. The film begins with the end of 2255, where he explores the future and realizes how humans have spoiled the planet Earth. The film highlights the importance of time machines and radio. Apart from Mahira Sharma, the film The Raidua Returns will also feature actress Satinder Satti, comedian BN Sharma, WWE wrestler The Great Khali and Gurpreet Ghuggi in lead roles. The special thing is that The Great Khali is debuting in the acting world with the film The Redua Returns. He will play the role of a villain in this film.



# Seeing Palak Tiwari's 'bold' style, fans lost their sweat, hotness and wrote, 'Hi I am dead'


Shweta Tiwari's daughter Palak Tiwari has shared pictures from her recent bold photoshoot on Instagram. In this she can be seen wearing a white colored sleeveless stylish top and pants. Palak Tiwari has shared a total of six pictures. In this she is seen posing bold. In the first picture of Palak Tiwari, her hair is open. She is wearing lipstick. She is wearing jewelery in her hands. Apart from this, she is also wearing earrings in her ears. She is looking very beautiful and is looking at the camera. The second photo In this she is posing in a different style. The third photo is a wide photo. In this she is standing with her hands on her waist. In the fourth photo she is posing differently. In the fifth photo her eyes and lips are focused. In this she is very beautiful. Looking at the sixth photo, she is looking elsewhere. While sharing the pictures, Palak Tiwari has written, 'I am feeling towards Superman. He asks for pictures of the day of release.' Apart from this, he has tagged many people. Palak Tiwari has also done the pictures till the time of writing the news. Shared 19 hours ago, which is going viral very fast.




# काशीराम कालोनी अलीगंज बनी अवैध धंधों की पर्याय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज सरौठ मार्ग पर भरापूरा गाँव की सीमा में बनी कांसीराम कॉलोनी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यहाँ पर जिन लोगों के नाम इस कालोनी में फ्लैट आवंटित हुए हैं, उनमें अधिकांश लोग पूर्व की सरकार के रहमोकरम पर अपने बाहुबल के चलते इस कालोनी में फ्लैट पाने में सफल हुए,जबकि वास्तविकता यह है, कि अलीगंज नगर में उनके स्वयं के बहुमंजिली मकान हैं।लेकिन इस कालोनी को ऐसे लोगों ने अपने ऐशगाह के रूप में प्रयोग में लाने के लिए अवैध रूप से कॉलोनी में फ्लैट आवंटित करा लिए थे।वर्तमान में यहाँ रहने वाले लोगों के पास स्वयं के आवंटित फ्लैट नहीं हैं, बल्कि ये लोग अवैध रूप से इन फ्लैट में रह रहे हैं।कॉलोनी के ही वाशिन्दों ने बताया कि यहां शाम ढलते ही मादक पदार्थों के साथ शराब पीकर लोग झूमते हुए अनाप शनाप बकते हैं, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य जो उजागर हुआ,उसमें वहां रह रहे कुछ लोगों ने बताया कि यहाँ कुछ लोग तंत्र विद्या के माध्यम से झाड़फूंक का काम भी करते हैं, जिससे यहाँ आये दिन झाड़फूंक कराने वालों की भीड़ देखी जा सकती है।कुल मिलाकर अलीगंज में बनी कांसीराम कॉलोनी एक तरह से अय्याशी का अड्डा बन कर रह गई है।ऐसा नहीं इसकी भनक स्थानीय प्रशासन को नहीं है,क्योंकि कि पूर्व में एक दो बार यहाँ स्थानीय पालिका के हस्तक्षेप के चलते अवैध रूप से रहने वालों को भगाया भी गया है, लेकिन जरा सी ढील के बाद फिर वही हाल हो जाता है।अतः स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह नगर पालिका अलीगंज से कालोनी के पात्र आवंटित लोगों के अलावा अवैध रूप से रहने वालों को यहां से बाहर का रास्ता दिखाए,नहीं तो किसी दिन कोई अप्रिय घटना घटी तो पूरा ठीकरा स्थानीय प्रशासन पर ही फूटेगा।





■ शाम होते ही मादक पदार्थों अवैध शराब, के सुरूर में झूमते मिलते हैं,नशेड़ी
■ कालोनी में अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोग

# करो योग, रहो निरोग के नारे के साथ पुलिस लाइन एटा में आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा प्रातः काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में योग सेवा समिति एटा के अध्यक्ष श्री यशवीर सिंह एडवोकेट द्वारा योग के बारे में प्रशिक्षण कर रहे रिक्रूटो द्वारा जवानों एवं उनके परिवारों को योग के बारे में बताया गया वह योग की महत्ता का प्रकाश डाला गया , इस अवसर पर पुलिस लाइन के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चर्चित हिन्दूवादी किसान नेता राजू आर्य अस्वस्थ्य, जी.जी.नर्सिंग होम में भर्ती



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगरा- भारतीय किसान विकास मंच के उ.प्र., उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं सनातन हिन्दू वाहिनी के जिलाध्यक्ष चर्चित हिन्दूवादी नेता राजू आर्य ने बीते दिन अधिक अस्वस्थ्य महसूस करते हुए आगरा के जीजी नर्सिंग होम में एडमिट हो गए हैं जहां वह वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार रत हैं। किसान विकास मंच के उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजू आर्या के अचानक अस्वस्थ होने की खबर फैलते ही उनके समर्थको व रिश्तेदारों के फोन की घंटिया उनकी कुशलक्षेम जानने के लिए घनघना उठी। पूर्व विधायक,सांसद एवं मंत्री मा.डी. पी. यादव के अतिकरीबी साथियों में एक राजू आर्य के बिगड़े स्वास्थ्य की खबर मिलते ही मा. डी. पी. यादव ने भी दूरभाष के माध्यम से उनके कुशलक्षेम की जानकारी व्यक्तिगत तौर पर ली। साथ ही समर्थकों ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मगंलकामनाऐं की है। वैदिक सनातन धर्म के जानकार एवं पैरोकार राजू आर्य किसानों, गरीबों, दलितों, पिछड़ों एवं युवाओं में फैलती बेरोज़गारी जैसे सामाजिक मुद्दों पर अनेकों बार अपनी आवाज़ बुलंद कर चुके हैं, एवं युवा-पीढ़ी को देश का भविष्य मानते हैं इन्हीं कारणों से वे युवाओं के दिलों में अपनी खास जगह रखते हैं। आर्य के अस्वस्थ्य होने की खबर मिलते ही उनके सैकड़ों समर्थक युवाओं में मायूसी का माहौल था एवं सभी उन्हें पुनः पूर्णतः स्वस्थ्य देखने की मंगलकामना कर रहे हैं।

# घर में अकेला पाकर किशोरी को ड़रा-धमकाकर किया दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- किशोरी को घर में अकेला पाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने घर आने पर मां को जानकारी दी।

पीड़िता की बहन ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सकीट के एक गांव निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 20 अप्रैल को उसकी छोटी बहन घर पर अकेली थी। मां कहीं बाहर गई हुई थी। इसका फायदा उठाकर अंकित पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी दौदलपुर थाना सकीट आ धमका। कमरे में घुसकर बहन को डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। कुछ देर बाद मां घर पर आई। पीड़िता को रोता देख वजह पूछी। पीड़िता ने मां को आपबीती बताई। सूचना पर वह घर पर पहुंची। घटना की जानकारी दी। पीड़िता को लेकर अगले दिन थाना सकीट पहुंचे। पुलिस को जानकारी दी। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ संजीव चौधरी ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। बता दें कि पीड़िता की बहन कहीं बाहर गई हुई थी। उनके आने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता दिमाग से थोड़ी कमजोर भी है

# तीन गांव से जमीन करायी कब्जा मुक्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शनिवार को थाना नयागांव क्षेत्र के ग्राम गुनामई में भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी थी। शनिवार को एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह के निर्देशन में तहसीलदार राजेश सिंह, लेखपाल, नयागांव थाना पुलिस ने जमीन खाली कराने को कार्रवाई की। ग्राम गुनामई में पहुंचे पुलिस, प्रसासनिक अधिकारियों की टीम ने पाया कि कब्जाधारक जमीन के चारो तरफ वेरिकेडिग लगाकर भैस बांधी जा रही थी। राजस्व, पुलिस टीम ने जगह को कब्जा मुक्त कराया। जैथरा क्षेत्र के ग्राम उदयपुर, रतौली, विकथर में भी राजस्व टीम ने जमीन पर कब्जा हटवाया है। इस कार्रवाई से अन्य कब्जा धारकों में हड़कम्प मच गया।

## अपंजीकृत क्लीनिक पर छापामार किया सील

अलीगंज नगर में अपंजीकृत क्लीनिक की बाढ़ सी आ गई है। जैसे-जैसे मौसम का मिजाज बदल रहा है। मरीजों की तादात बढ़ती जा रही है। जगह-जगह डाक्टर दुकान सजाये बैठे है। जिनकी शिकायते डीएम, सीमएओ से की जा रही है। शिकायतों को लेकर अलीगंज के अलीपुर में एक फर्जी डाक्टर सीताराम के बगिया क्लीनिक पर तहसीलदार अलीगंज, नोडल अधिकारी डा. सर्वेश कुमार ने पुलिस बल के साथ छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई से अपंजीकृत चिकित्सक सीताराम क्लीनिक छोड़कर भाग गया। क्लीनिक में चारपाई पर मरीजों का इलाज किया जा रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक को सील किया। साथ ही नोटिस चस्पा किया है।

## एसडीएम-सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च

नूहखेड़ा, एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री, सीओ इरफान नासिर खान के नेतृत्व में जलेसर, सकरौली कोतवाली पुलिस फ़ोर्स ने शनिवार देरशाम को नगर में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च की शुरुआत आगरा चौराहे से हुई। उसके बार मुख्य बाजार होते हुए बडे मिया दरगाह-शनिदेव मन्दिर, छोटे मियां की दरगाह तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शम्भूनाथ सिंह, जगदीश चंद, रामजीलाल, पीके राणा तथा सकरौली थानाध्यक्ष भी पुलिस फोर्स के साथ रहे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM




आभार
आप सभी अधिवक्ता साथियों के सहयोग और समर्थन से मुझे
कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा का महासचिव चुना गया।
आप सभी शुभचिंतकों का कोटि कोटि धन्यवाद।
Mob: 9319958981
8279806926
रोहित पुण्ढीर महासचिव कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा


आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# भैयाथान में जिला स्तरीय तारुण्य वार्ता की जागरूकता रैली सम्पन्न

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तारुण्यवार्ता कार्यक्रम जिसके तहत पहले सभी विकास खंडों में स्काउट गाइड के छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात जिले के भैयाथान में जिला स्तरीय रैली व मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकार के निर्देशानुसार व राज्य सचिव कैलाश सोनी जी के नेतृत्व में सम्पन्न किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सूरजपुर जिले के विकास खंड भैयाथान में आयोजित था जिसके मुख्यातिथि जिला संघ सूरजपुर संरक्षक कुमार सिंहदेव जी थे। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि जिला आयुक्त दुर्गाशंकर दीक्षित व यूनिसेफ के डीएमसी संतोष साकेत उपस्थित थे। भारत स्काउट गाइड व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम सूरजपुर में सम्पन्न कराया गया जहां जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जहां स्काउट गाइड के छात्रों ने रैली के बीच में चौक चौराहों में वाल पेंटिंग, वाल राइटिंग, नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को तारुण्यवार्ता का संदेश दिया जा रहा है। आजकल देखा जाए तो हम बालक बालिकाओं पर भेदभाव करते हैं, चाहे उनकी पढ़ाई हो या उनके परवरिश हो इन सब पर स्काउट गाइड लोगों को जागरूक करने में लगे हैं। इस समय लड़कियों व महिलाओं को रसोई घर में जाने नहीं दिया जाता, जबकि ये प्राकृतिक स्राव है इस कार्यक्रम के माध्यम से मासिक धर्म के प्रति लोगों की धारणाओं को परिवर्तन करना है। लड़के लड़कियों के पालन पोषण व शिक्षण पर भी भेदभाव किया जाता है। जिस पर वाल पेंटिंग व वाल राइटिंग किया गया। आजकल के समय में भी अधिकांश लोग बाल विवाह कर रहे हैं जिसको रोकने की यह महत्वपूर्ण मुहिम है। इसके माध्यम से बाल विवाह रोकने बढ़ावा दिया गया।




### तारुण्यवार्ता कार्यक्रम का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव मिलेंगे- कैलाश सोनी

जिला स्तरीय जागरूकता रैली व मड़ई कार्यक्रम में उपस्थित राज्य सचिव कैलाश सोनी जी ने कहा तारुण्यवार्ता कार्यक्रम का उद्देश्य दूरदर्शी है इसके द्वारा हम समाज के आवश्यक बुराई और धारणाओं को बदलने के सफल होंगे। आजकल समाज में बहुत ऐसे बुराई चली आ रही है जिसे दूर करना अतिआवश्यक है। जिसको दूर करने भारत स्काउट गाइड व यूनिसेफ द्वय के संयुक्त कार्यक्रम चल रही है जिसमें हमारे स्काउट गाइड के बच्चे शामिल होकर अनेक कार्यक्रम कर समाज और लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। यह कार्यक्रम सूरजपुर जिला सहित छः अन्य जिलों में आयोजित हैं। जिसका आने वाले दिनों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा और हम स्काउटिंग गतिविधियों में और बढ़ोत्तरी करेंगे। तारुण्यवार्ता कार्यक्रम में बालक बालिकाओं के अधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाती है जिससे उनके अधिकार का हनन नहीं किया जा सकता उक्त बातें भारत स्काउट गाइड जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव ने कही। उन्होंने आगे बताया इस कार्यक्रम में जिला रविन्द्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, बनवारी लाल गुप्ता, बीईओ जे. पी. साय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त आर. डी. पटेल, जिला सचिव उमेश कुमार गुर्जर, डीओसी स्काउट बेलभद्र देवांगन, एडीओसी कन्हैया सोनी , डीओसी गाइड अरुणा एक्का , विकास खंड सचिव भैयाथान अशोक दुबे, प्रतापपुर सचिव प्रेमसिन्धु मिश्रा, ओड़गी सचिव कुंजलाल यादव, प्रेमनगर असफाक अली, रामानुजनगर विजेंद्र साहू, सूरजपुर चित्रकान्त जायसवाल, रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी,मनोहर लाल दर्पण, देवचरण कुशवाहा, राकेश कुमार सिंह, कौशिल्या मलिक, इंद्रमणि ठाकुर, सरिता गोस्वामी और अन्य का विशेष योगदान रहा।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान की तृतीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार 02 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान तथा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 तक चलने वाले दस्तक अभियान की कलेक्ट्रेट सभागार में तृतीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने अभियान से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के आदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान व दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ अभियान की सफलता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त विकास खण्डों में आवंटित फागिंग मशीन द्वारा सही ढंग से कार्य न करने पर रोष व्यक्त किया तथा इसे तत्काल सही करने का निर्देश दिया। ग्राम सभाओं में खराब हैण्डपम्प का पानी पीने से भविष्य में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए उन्होने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि खराब हैण्डपम्पों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया आई0ई0सी0 मद से कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराकर ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद में सुअरवाड़ों की स्थिति खराब है इसे प्रत्येक मालिक से मिलकर अनको संवेदीकृत करें एंव छिड़काव कार्य कराया जाए। ग्राम सभाओं में झाड़ियों, तालाबों आदि की साफ-सफाई अभियान चलाकर की जाए। बैठक में डब्ल्यू0एच0ओ0 द्वारा अपने पर्यवेक्षणीय रिपोर्ट में बताया गया कि आशा अभियान के अन्तर्गत कार्य शत-प्रतिशत नहीं किया गया है, जिसके लिए समस्त अधीक्षकों के निर्देशित किया निश्चित समयावधि में शत-प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक विद्यालय में हैण्ड वाश की जानकारी दी जाए तथा उनके परिवार को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए। कोविड-19 एवं नियमित टीकाकरण बढ़ाने हेतु ड्यू लिस्ट को पूर्ण कर लिया जाए, इसके लिए प्रत्येक सत्र पर स्थापित ए0एन0एम0 को निर्देशित किया जाए। उन्होने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 02 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2022 तक प्रतिदिन आशाओं के माध्यम से वीएचएनडी सत्रों पर संचारी रोग संबंधी बैठक, टीकाकरण, दिमागी बुखार केस की निगरानी, उपचार एवं रोगियों हेतु निःशुल्क 108/102 की व्यवस्था की जाये और मलेरिया विभाग द्वारा लार्वारोधी गतिविधियां चलाई जाये तथा आवश्यकतानुसार फागिंग करायी जाये। ग्रामवासियों को संचारी रोग के बचाव के लिए घर व आस-पास सफाई रखने के प्रति जागरूक भी करें। पंचायती राज विभाग द्वारा अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग/छिड़काव एवं गांवों में विशेष सफाई अभियान के दौरान गलियों, नालियों आदि की सफाई, झाड़ियों की कटाई, संचारी रोग से बचाव हेतु ग्रामवासियों के साथ बैठक, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जाये तथा पशु पालन विभाग द्वारा सूकर पालकों का चिन्हींकरण कर आबादी से दूर स्थापित करने हेतु प्रेरित करना और पोल्ट्री व्यवसाय के लोगों को संचारी रोग से बचाव तथा सफाई आदि के बारे में सूचित/संवेदीकृत किया जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0 सहित समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्र भरथाकला का निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने शनिवार को विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत गेहूं क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति लिमटेड भरथाकला का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीद का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई-उपार्जन हेतु लैपटाप/आई-पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन/पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए सरकार के मंशानुसार किसानों के बैठने के



लिए छाया, पेयजल तथा केन्द्र पर अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाएं, ताकि गेहूं खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई दिक्कत न होने पावे। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसानों से गेहूं खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि क्रय केन्द्र पर आने-जाने का रास्ता एवं क्रय केन्द्रो पर किसानों के द्वारा बिक्री हेतु क्रय केन्द्रों पर गेहूँ लाने वाले वाहनों के पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान होना चाहिए ताकि किसानों को कोई असुविधा न होने पाये। इसके लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील किया है कि वे गेहूं बेचने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन अपने नजदीक के जन सुविधा केन्द्रों पर जाकर वेबसाईट- https// fcs.up.gov.in ÂÚU Øæ ×ôÕæ§üÜ mæÚUæ UPKisanMitra ऐप के माध्यम से करा लें, ताकि उन्हें अपना गेहूं बेचने में कोई दिक्कत न होने पावे। जायजा लेने के दौरान उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा, सहायक निबन्धक सहकारिता राजकुमार शुक्ला, केन्द्र प्रभारी राम निवास यादव सहित किसान बन्धु उपस्थित रहे।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका आवश्यकता है छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# महामहिम राज्यपाल के हाथों अर्पिता सम्मानित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




पेंड्रा। गौरेला-अर्पिता केसरवानी को उपाधि प्रदान करते हुये कुलाधिपति एवं राज्यपाल अनुसुइया उइके जी के द्वारा। अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महिला सभा की राष्ट्रीय सूचना प्रसारण मंत्री सरोज रतन केसरवानी कु.अर्पिता केसरवानी का मुंह मीठा करा कर अर्पिता केसरवानी को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दीया। पेंड्रा। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के भंवर सिंह पोते विश्व विद्यालय पेंड्रा की पहली गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में आयजित बेहतराई के इनडोर स्टेडियम में कुलाधिपति एवं राज्यपाल अनुसूया उईके के द्वारा शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान किया इसमें हमारे पेंड्रा कोटमी निवासी अरविन्द केसरवानी सुपुत्री छात्रा अर्पिता केसरवानी को सत्र 2019 में विश्व विद्यालय में एम एस सी बांटनी सेमेस्टर परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्रदान किया गया यह यह सम्मान अर्पिता केसरवानी जी को छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल अनुसुइया उइके एवं कुलाधिपति द्वय के हाथों गोल्ड मेडल एवं उपाधि मिलने पर क्षेत्रवासियों के साथ ही केसरवानी समाज एवं परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा द्वारा बिटिया अर्पिता केसरवानी को इस शानदार उपलब्धि एवं सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य महिला सभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य तरुण सभा के द्वारा संयुक्त रूप सम्मान किया जाएगा एवं इस शानदार सफलता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के तीनों विन के प्रदेश संरक्षक रतनमणी केसरवानी लोरमी, मिथिलेश केसरवानी मुंगेली ,श्रीमती कविता शैलेंद्र केसरवानी जी रायपुर, प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक केसरवानी जी बिलासपुर एवं प्रदेश महामंत्री श्री निलेश केसरवानी जी कोरबा छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती विभा विजय केसरवानी जी बलौदा बाजार एवं महामंत्री श्रीमती आरती केसरवानी कोरबा एवं एवं तरुण सभा के प्रदेश अध्यक्ष नितेश सोमेश केसरवानी शिवरीनारायण एवं महामंत्री आलोक केशरवानी रायपुर जी अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय संरक्षक /छत्तीसगढ़ प्रदेश केसरवानी वैश्य तरुण सभा संरक्षक रतन केसरवानी एवं अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महिला सभा के राष्ट्रीय सूचना प्रसारण मंत्री श्रीमती सरोज रतन केसरवानी के द्वारा उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं मुंह मिठा करा कर दिया गया।

# पेंड्रा में 12 घंटे के भीतर दो अलग-अलग हादसों में दो बसों की चपेट में आने से दो लोगों की मौत






ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा। गौरेला- जिले में लगातार हो रही है घटनाएं, जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी नहीं हो रहे हैं जागरूक पेंड्रा। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में लगातार एक बार फिर से दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां लगातार एक्सीडेंट का मामला आ रहा है। आपको बता दें कि गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पेंड्रा में 12 घंटे के भीतर दो अलग-अलग हादसों में दो बसों की चपेट में आने से दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। वहीं पहली घटना में मझगवा गांव का रहने वाला एक युवक मोटरसाइकिल से पेंड्रा की ओर आ रहा था कि सामने से आ रही बस ने उसे ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरे हादसे में मरवाही थाना के करगीकला से धनोरा गांव के लिए बारात बस से गई हुई थी। जिसमें शामिल एक बाराती युवक उस वक्त बस की चपेट में आ गया जब बाराती बस से उतर कर बस के आस-पास ही नाच रहे थे। वहीं हादसे में बाराती युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया है। जिसमें दोनों ही मामलों में पुलिस ने बस चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज करके बसों को जप्त कर लिया है। साथ ही पुलिस कार्यवाही कर रही है। वहीं जिले में लगातार घटनाएं हो रही है। जबकि जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी लोग जागरूक नही हो रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि दुर्घटनाओं का एक कारण बाईपास करना बनना भी लोगों के लिए मुसीबतों का कारण बना हुआ है। उसके बावजूद भी जिस तरह से बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है अगर बाईपास सड़क का निर्माण हो जाए तो लोगों के लिए सहूलियत हो जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूं सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शिवपाल के सवाल पर फिर भड़के अखिलेश, बोले-मुझे नहीं पता आजम से मिलने कौन गया था




शिवपाल यादव और अखिलेश के बीच बढ़ी दूरियां कम होती नजर नहीं आ रही हैं। चाचा से नाराज चल रहे अखिलेश शिवपाल यादव के सवाल पर भड़कते नजर आ रहे हैं। शनिवार को सीतापुर जेल में विधायक आजम खान से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव की मुलाकत पर जब अखिलेश से सवाल किया गया तो वह फिर भड़क उठे। जवाब में अखिलेश यादव ने कहा, मुझे नहीं पता कि कौन उनसे मिलने गया था। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बुधवार को शिवपाल यादव के सवाल पर अखिलेश भड़के नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा में जाने वालों को सपा से निकालने की चेतावनी तक दे डाली थी।

## महिला दारोगा के परिवार से मिलने पहुंचे अखिलेश

अमेठी में शुक्रवार को सरकारी आवास में एक महिला दारोगा ने आत्महत्या कर ली थी। जिसका परिवार लखनऊ के गोसाईगंज में रहता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव रविवार को उन्हीं से मिलने पहुंचे थे। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार मुलाकात करके यूपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, कई तरह की सूचनाएं मिल रही हैं कि पुलिस को दबाव में काम करना पड़ रहा है, जिसके चलते वह ऐसा कदम उठा रही है। अखिलेश बोले, पुलिस को सरकार के लिए चुनाव जीतने की जिम्मेदारी दी गई थी। मेरी जानकारी के अनुसार, पीएस में राजनीतिक दबाव था। यह सरकार जो चाहती है वह कर रही है और लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को समाजवादी पार्टी उठाएगी।

## पांच दिन चाचा को सपा से निकालने की कही थी बात


पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव के बीच चल रही तनातनी बढ़ती जा रही है। पांच दिन पहले भी अखिलेश शिवपाल के सवाल पर भड़क चुके हैं। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने चाचा को पार्टी से निकालने की चेतावनी तक दे डाली थी। शिवपाल यादव के भाजपा के साथ संपर्कों के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा था जो भाजपा से मिलेगा, वह सपा में नहीं दिखेगा।

एक वरिष्ठ नेता के उनके घर पर मुलाकात करने के सवाल पर सपा मुखिया भड़क गए। बोले कि उन्हें मैंने नहीं भेजा। कोई आता है तो यह अच्छी बात है।

# जिले में पुल, स्टॉप डैम और 7 करोड़ का घोटाला, 14 घोटालेबाज वनकर्मियों पर गिरी गाज, रिटायर्ड डीएफओ से होगी वसूली

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


पेंड्रा। गौरेला- गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही वनमंडल में 7 करोड़ के भ्रष्टाचार मामले में विधानसभा में घोषणा के एक महीने बाद कार्यवाही की गई है। जहां अधिकारी-कर्मचारियों पर गाज गिरी है। जिसमें 14 वनकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं इस मामले में पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने विधानसभा में अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की थी, लेकिन कार्यवाही में लेटलतीफी बरती गई। अब 14 में से 12 अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो और बचे कर्मचारियों पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है। वहीं जबकि मिली जानकारी के मुताबिक दरअसल, जिले के मरवाही वन मंडल के गौरेला रेंज के ग्राम चुकतीपानी, टाड़पथरा, पकरिया, केंवची, पंड़वनिया और तराईगांव में पुलिया और स्टाप डैम का निर्माण कराना था, लेकिन जिम्मेदारों ने ऐसा भ्रष्टाचार किया कि 7 करोड़ रुपये डकार गए। वन विभाग के मुताबिक 7 वन रक्षकों को निलंबित किया गया है, इस घोटाले में





इनकी भी मिलीभगत सामने आई है। तत्कालीन डीएफओ को लेकर आदेश जारी किया गया है। वहीं रकम की वसूली तात्कालीन डीएफओ राकेश मिश्रा से होगी। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। साथ ही गौरेला अनुविभागीय अधिकारी जिनका ट्रांसफर कटघोरा हो गया है। वहीं केपी डिंडोरे और वन विभाग के अन्य कर्मचारी रिटायर राजकुमार शर्मा के पर की गई शासन की कार्यवाही का आदेश अगले कुछ दिनों में जारी हो सकता है। 1. किस-किसने किया था करोड़ों का खेला ? उदय तिवारी वनपाल, अम्बरीश दुबे वनपाल, अश्वनी दुबे वनपाल, अनूप कुमार मिश्रा वनपाल, गोपाल जांगड़े रेंजर, वीरेंद्र कुमार साहू वनरक्षक, दीपक कोसले वनरक्षक, देवेंद्र कश्यप वनरक्षक, पन्नालाल जांगड़े वनरक्षक, नवीन बंजारे वनरक्षक, लालबहादुर कौशिक वनरक्षक, नीतू ध्रुव वनरक्षक।

# महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत फिर बिगड़ी, लखनऊ के मेदांता में कराए गए भर्ती



राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की स्वास्थ्य एक बार फिर बिगड़ गया है। आनन-फानन में उनको लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किडनी में इन्फेक्शन के चलते महंत का कई दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं रह रहा था। रविवार को रूटीन डॉक्टरों की देखरेख में उन्हें रूटीन चेकअप के लिए लखनऊ भेजा गया था, लेकिन यहां उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। डॉक्टरों की जांच पड़ताल में पता चला है कि महंत की किडनी में इन्फेक्शन है। जिसके चलते उनको पेशाब की नली में भी परेशानी हो रही थी। इसके बाद डॉक्टरों की सीनियर टीम के संरक्षण में उन्हें मेदांता के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। बतादें कि बीते दिनों कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान महंत नृत्यगोपाल दास कोरोना पॉजिटिव मिले थे, तब से वह लगातार बीमार चल रहे हैं।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991